## एमएलए के प्रयासों से आजादी के बाद से पहली बार पहुंचेगी बिजली

- ग्रामीणों के चेहरे खिले
- विधायक बर्डे और मोहन सरकार का जताया आभार

**पानसेमल, (नवभारत)।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बायगोर स्थित ग्राम मोगरापानी में नवीन विद्युतीकरण कार्य (डीपी व विद्युत खंभों) की स्थापना के लिए भूमि पुजन संपन्न हुआ। पहाड़ी अंचल में बसे इस ग्राम में पहली बार बिजली पहुंचने की खुशी को लेकर सुबह से ही उत्सव बना हुआ था। विधायक श्याम बरडे के ग्राम आगमन पर ग्रामीणों ने ढोल-मांदल, पारंपरिक नृत्य एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने रैली के बाद भूमि पुजन किया। ग्रामीणों ने इस उपलब्धि पर नाचते-गाते हर्षोल्लास के साथ अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुजन से किया गया।



ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने पहली बार ऐसा जनप्रतिनिधि देखा है, जो लगातार दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं और उनका निराकरण भी करते हैं। विधायक द्वारा विधानसभा में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी उन्हें समाचार एवं मोबाईल से मिलती रहती है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के बाद विधायक श्याम बरडे ग्राम पंचायत बायगोर अंतर्गत कम्बीपानी (कम्बी फलिया) पहुंचे। जहां उन्होंने ग्रामीणों की पेयजल समस्या का जायजा लिया। ग्रामीणों को झीरी तालाब एवं नदी किनारे खोद कर गड्ढे से निकलने वाला पानी पीने की मजबूरी देखकर उन्होंने तत्काल कलेक्टर जयतिसिंह से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल पीएचई विभाग अधिकारी बामनिया को मौके पर पहुंचाकर समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि ग्रामीण भाइयों-बहनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है तथा जनता की प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर हैं।

**निरंतर किया जा रहा है सुविधाएं पहुंचाने का कार्य**

विधायक श्याम बरडे ने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम, मंजरे टोले तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में आजादी के बाद से बिजली, सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल भवन एवं पेयजल जैसी सुविधाएं नहीं पहुंच सकी थी। वहां विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पहुंचाया जा रहा है।

## गर्मी में जारी जनगणना का पहला चरण

**पानसेमल, (नवभारत)।** कलेक्टर जयतिसिंह के निर्देशन में जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा प्रशिक्षण के बाद अपना कार्य किया जा रहा है। जिले के नगरीय एवं दूरस्थ व दूरगामी क्षेत्रों में नजरी नक्शा बनाने के बाद मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर कार्य पूर्ण भी हो चुका है।



### प्रगणकों का किया सम्मान

गुरुवार तहसील पानसेमल (ग्रामीण) सुपरवाइजर सर्कल-18 विनोद मेहता के प्रगणक हेमराज सिरसाठ द्वारा एचएलबी 114 द्वारा जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण करने जनगणना अधिकारी एसडीएम रमेश सिसोदिया, जगनगणना चार्ज अधिकारी तहसीलदार सुनील सिसोदिया, अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी नायब तहसीलदार राजाराम रानडे द्वारा पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया।

### पूर्ण किया प्रथम चरण का कार्य

वांगरा स्कूल फलिया में प्रगणक मंगू चौहान द्वारा भी देर शाम प्रथम चरण का कार्य पूर्ण किया गया। जनगणना लिपिक महेश बघेल, ऑपरेटर अंकित पटेल सहित स्टॉफ उपस्थित रहा। इसके बाद द्वितीय चरण का कार्य किया जाएगा।

**एक नजर में**

## बाइक चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



**बड़वानी।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में शहर पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि 7 मई 2025 को फरियादी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी होंडा सीबी शाइन मोटर साइकिल एमपी-46-एमएस-6531 को बीएसएनएल ऑफिस वैष्णो देवी मंदिर के सामने से कोई अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। जिस पर शहर थाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य के आधार पर प्रकरण सदर के संदेही संजय पिता मेघाराम आर्य 34 साल निवासी पिपलूद बसाहट बड़वानी को पकड़कर पुछताछ की गई। उसके द्वारा जुर्म स्वीकार करते अपराध सदर में चोरी गई जब्त कर आरोपी संजय को न्यायालय के आदेश से केंद्रीय जेल दाखिल किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी संजय के विरुद्ध पूर्व से 7 अपराध लड़ाई-झगड़े, चोरी के थाने में पंजीबद्ध है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह, प्रधान आरक्षक जगजोध सिंह एवं आरक्षक पुरुषोत्तम, प्रधान आरक्षक चन्द्रशेखर की भूमिका रही।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री और आलीराजपुर की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके का जिले में दो दिवसीय प्रवास प्रस्तावित



**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री एवं आलीराजपुर की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके का 9 और 10 मई को आलीराजपुर प्रवास प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री का 9 मई को जिले में रात्रि विश्राम प्रस्तावित है एवं 10 मई को उनके द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## कलेक्टर नीतू माथुर ने समय-सीमा पूर्व जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणकों का किया सम्मान

**आलीराजपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानों के सूचीकरण का कार्य तेज गति से जारी है। इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों को प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रगणकों में आलीराजपुर जिले के 12 प्रगणक है जिनमें श्री तेरसिंह चौहान ग्राम भीमबयड़ा जिन्होंने सर्वप्रथम एचएलबी का कार्य पूर्ण किया। अन्य प्रगणकों में श्री शैलेश मण?डलोई ग्राम भीमबयड़ा, श्री छगनसिंह डावर ग्राम बड़ा उण?डवा, श्री अंतिम अलावा ग्राम रिछ्वी, श्री रामसिंह डुडवे ग्राम पीथनपुर, श्री हरि?सिंह चौहान ग्राम मोही, श्री इडलसिंह बघेल ग्राम थोड़सिंधी, श्री गणपतसिंह बघेल ग्राम आली, श्री गुलाब सिंह चौहान ग्राम मयाला, श्री अभयसिंह भिड़े ग्राम कोदला, श्री हिम्?मतसिंह डावर ग्राम चिचलगुड़ा, श्री राजु बघेल ग्राम कोदला है। तहसील चंद्र शेखर आजाद नगर से श्री दिलीप चौहान, श्री रतन चौहान, तहसील सोंडवा से श्री विजय सिंह, श्री निशाद मोहन, श्री हुकूम सिंह, श्री मकराम अवास, श्री मुकेश डोडवे, तहसील जोबट से श्री मुकेश, श्री चेतन? सिंह सहित अन्य प्रगणकों ने भी जनगणना अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य समय से पूर्ण किया। मकान सूचीकरण अंतर्गत संपूर्ण जिले में अब तक 92267 जनगणना मकानों की गणना पूर्ण की जा चुकी है। सभी प्रगणकों की कार्यकुशलता और समर्पण ने जनगणना अभियान को नई गति दी है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने सभी प्रगणकों को उनके इस कार्य कि सराहना करते हुए बधाई मिठाई खिलाकर कर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर दी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में भी निष्ठा से अपने कार्य को समय सीमा के पूर्व पूर्ण कर अन्य प्रगणकों के लिए प्रेरणा का कार्य किया है। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री निधि मिश्रा, तहसीलदार श्रीमती सविता राठी, नायब तहसीलदार सुश्री मंजू डावर, मध्य प्रदेश जनगणना निदेशालय के जिला प्रभारी श्री सिद्धार्थ गोयल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने नागरिकों से भी अपील की कि वे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनें

## पेटलावद के ग्राम कोदली में सनसनीखेज वारदात- दिनदहाड़े बच्चे की संदिग्ध मौत और महिला गंभीर घायल

**पेटलावद।** समीपस्थ ग्राम कोदली में तीन दिन पूर्व (6 मई 2026) दोपहर करीब 3 बजे एक रहस्यमयी और दहलाने वाली घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। एक ही परिवार में हुई इस वारदात में एक मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि घर में मौजूद महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली हैं। महिला पर बेरहमी से हमला करते हुए उसकी आंखों को भी नुकसान पहुंचाया गया। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है, आंखों पर हमले की पुष्टि हुई। लेकिन अभी तक वारदात क्यों हुई है और किसने इस वारदात को अंजाम दिया है इसका खुलासा फिलहाल नहीं हुआ है। सूचना मिलते ही पेटलावद पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण और पूरी घटना की सच्चाई सामने आने की उम्मीद है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हर पहलू पर जांच जारी है। ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## सेंधवा के छह विद्यार्थियों का हुआ चयन

- ओपन कैम्पस ड्राइव का किया आयोजन



**सेंधवा, (नवभारत)।** सिल्वर कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल लिमिटेड द्वारा 6 मई 2026 को आयोजित ओपन कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सेंधवा के 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ। चयनित विद्यार्थियों में इलेक्ट्रिकल विभाग से तोहिद मंसूरी, अभिषेक कुशवाह, कुंदन सौराडा, रुमालसिंह चौहान, विपुल सतपुड़ा और सत्यम विश्वकर्मा शामिल हैं।

प्लेसमेंट प्रक्रिया के प्रारंभ में कंपनी प्रतिनिधियों ने कंपनी का परिचय देते हुए बताया कि कंपनी इलेक्ट्रिकल एवं कंज्यूमर अप्लायंसेस निर्माण क्षेत्र में कार्यरत है तथा घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के इलेक्ट्रिकल उत्पाद, वायरिंग एक्ससेरीज एवं अन्य इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट का निर्माण करती है एवं विद्यार्थियों को प्लांट कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। जिसके पश्चात तकनीकी साक्षात्कार आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार चयनित विद्यार्थियों को 28000 रूपए प्रति माह सीटीसी तक प्रदान किया जाएगा, जिसमें लाभ मिलेगा तथा उनकी जॉब लोकेशन कंपनी के राजकोट (गुजरात) प्लांट में रहेगी।

इस अवसर पर प्लेसमेंट अधिकारी जितेंद्र चौहान ने कहा कि महाविद्यालय लगातार विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है तथा ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तरह से लगातार प्लेसमेंट अवसर मिलने से विद्यार्थीयों में उत्साह है।

महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं समन्वय हेतु प्लेसमेंट सहायक राजनंदिनी पानवारिया को अधिकृत किया गया था। जिन्होंने विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहकर प्लेसमेंट प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन दिया तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक बताया।

प्राचार्य डॉ पंकज अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। विद्यार्थियों की सफलता संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## पत्नी पर हमले का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

- कोर्ट के आदेश पर आरोपी को भेजा जेल

**बड़वानी, (नवभारत)।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन और एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में अंजड़ पुलिस द्वारा घरेलू विवाद में पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे केंद्रीय जेल भेजा गया।

### थाना प्रभारी तत्काल पहुंचे मौके पर

थाना प्रभारी निरीक्षक आरआर चौहान के नेतृत्व में 8 मई 2026 को सुबह लगभग 10 बजे सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बड़दा बसाहट में एक व्यक्ति द्वारा पारिवारिक विवाद के चलते अपनी पत्नी पर लोहे के धारदार फलिया से हमला किया गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मय पुलिस बल के तत्काल अस्पताल पहुंचे, जहां घायल महिला अनिता के कथन लिए गए।

पीड़िता द्वारा बताया गया कि आरोपी पति के अन्य महिलाओं से संबंध होने के कारण पिछले लगभग एक वर्ष से दोनों अलग-अलग रह रहे थे। इसी बात को लेकर विवाद होने पर आरोपी द्वारा गुस्से में आकर उस पर लोहे के धारदार फलिया से जानलेवा हमला कर दिया गया। घायल महिला के कथनों के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी परसराम पिता उदयराम चौहान उम्र 47 वर्ष निवासी बड़दा बसाहट अंजड़ को तत्काल गिरफ्तार किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार फलिया जब्त किया है।



### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अंजड़ निरीक्षक आरआर चौहान, उनि रविन्द्र चौकले, सउनि जयपाल मंडलोई, प्रआर अजय यादव, प्रआर भीमसिंह रावत और प्रआर धीरज सुलिया की भूमिका रही।

## मेघनगर में विशाल कलश और शोभा यात्रा कल, तैयारियों को लेकर बैठक

**मेघ नगर। मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक धाम श्री वनेश्वर मारुति नंदन कुटीर हनुमान मंदिर फुट तालाब मन्दिर पर 7 दिवसीय विशाल श्रीमद् भागवत कथा का श्री गणेश दिनांक 10 मई से होने जा रहा है।**

जानकारी अनुसार रविवार को मेघनगर के सुराणा कंपाउंड पप्पू भय्या के निवास स्थान से विशाल कलश यात्रा सुबह 8 बजें निकलेंगी। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं पहुंच रहे हैं। श्री वनेश्वर मारुति नंदन कुटीर हनुमान मंदिर मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य लोकप्रिय समाजसेवी सुरेशचंद्र जैन पप्पू भैया ने जानकारी देते हुए बताया गया कि विशाल कलश यात्रा से श्रीमद् भागवत कथा का श्री गणेश होंगा। 10 मई को सुबह 8 बजे सुराणा कंपाउंड से निकालकर श्री वनेश्वर मारुति नंदन कुटीर हनुमान मंदिर फुट तालाब कथा स्थल पर पहुंचेगी।



### संत कमलकिशोर नागर करेगे भागवत कथा का पाठ

संत श्री पंडित कमल किशोर नागर जी के मुख्विन्द से दोपहर 12 बजे से हरि इच्छा तक कथा की जाएगी विशेष आकर्षण प्रतिदिन नई नई झांकियां जीवन बदलनें वाले प्रसंग भक्ति ज्ञान और संस्कृति का अद्भुत संगम अनेक प्रसंग के साथ भव्य श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होंगा जिसको लेकर तैयारीयां जोरो पर है इसी को लेकर मन्दिर समिति के वरिष्ठ सदस्य लोकप्रिय समाजसेवी सुरेश चंद्र जैन पप्पू भय्या ने बैठक कर व्यवस्था संभालने के लिए समितियां बनाई गई। इस अवसर पर श्री गणेश महिला मंडल श्री महाकाल महीला मंडल, गुरुजी से जुड़े सुखराम कातिजा लालू भाई पाटीदार शंकर भाई डॉक्टर प्रवीण हामड, टाट वाले बाबा, राजेश जैन रिंकू भैया, बहादुर हाडा, दिनेश बैरागी, आनंदीलाल पडियार, वरिष्ठ पत्रकार हरिराम गिरधाणी, प्रकाश भंडारी, सलीम शेरानी, पंकज बड़ोला, रहीम शेरानी, फारूक शेरानी, जितेंद्र नागर, संदीप खत्री, चीनू दीवाणा, मुकेश सोलंकी रोहित झामर, अमित भंडारी, जाकिर शेख, आदी पत्रकार भी मौजूद रहे।

## संघर्ष से स्वावलंबन तक...स्वरोजगार योजना बनी सहारा, रूपल ने बदला जीवन

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिला अपनी आदिवासी संस्कृति और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता है। यहाँ रोजगार के सीमित अवसर होने के कारण अधिकांश आदिवासी परिवारों को आजीविका की तलाश में अन्य राज्यों की ओर पलायन करना पड़ता है। लेकिन इन्हीं परिस्थितियों के बीच कुछ लोग अपने साहस, मेहनत और आत्मविश्वास से नई मिसाल कायम करते हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है जोबट क्षेत्र के ग्राम राक्सा निवासी रूपल डाबर की, जिन्होंने संघर्षों के बीच आत्मनिर्भरता की राह चुनी और आज दूसरों के लिए प्रेरणा बन गई हैं।

रूपल डाबर का परिवार वर्षों से कृषि कार्य पर निर्भर था, लेकिन सीमित आय के कारण परिवार का पालन-पोषण कठिन होता जा रहा था। आर्थिक परेशानियों के चलते उन्हें मजदूरी के लिए परिवार सहित दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता था। किंतु परिस्थितियों से हार मानने के बजाय रूपल डाबर ने अपने गाँव में रहकर ही कुछ नया करने का संकल्प लिया। उन्होंने स्वयं का छोटा व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया और गाँव में किराना दुकान खोलने की योजना बनाई। आर्थिक संसाधनों की कमी उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। रूपल डाबर ने म.प्र. आदिवासी वित्त एवं विकास निगम, शाखा आलीराजपुर से संपर्क किया। निगम के अधिकारियों ने उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और हर कदम पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी दौरान उन्हें भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के बारे में बताया गया।

**एक नजर में** आंगनवाड़ियों, अस्पताल, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, उचित मूल्य दुकान सहित कई विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानी

## कलेक्टर नीतू माथुर ने लगाई सोंडवा के वालपुर में रात्रि चौपाल, खाटला बैठक में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार रात्रि चौपाल के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गांव में जाकर ही ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनका मौके पर एवं समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित हो, इसी के परिपालन में आज कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर और जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों द्वारा सोंडवा विकासखंड के वालपुर में रात्रि चौपाल एवं खाटला बैठक में ग्रामीणों से मुखातिब होकर उनकी समस्याएं सुनी। इस रात्रि चौपाल का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर पर बसे लोगों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराना है ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ उठा सके।**

कलेक्टर नीतू माथुर ने एक-एक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित लिखित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने समय-सीमा में सभी आवेदनों का निराकरण करने का विश्वास दिलाया और कहा कि निराकरण के बाद समीक्षा कर ग्रामीणों को अवगत कराया जाएगा।



कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि इस तरह की बैठक हर माह आयोजित की जाएगी जिससे ग्रामीणों को उनकी समस्या के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा। ग्रामीणों द्वारा आवास योजना, पेयजल समस्या, समग्र आईडी सहित कई आवेदन दिए गए जिसके शीघ्र निराकरण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर के नियमित नहीं बैठने की ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई अधिकारी को क्षेत्र में भ्रमण कर पेयजल की समस्या का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर माथुर ने ग्रामीणों से संवाद कर विद्यालयों, आंगनवाड़ियों, अस्पताल, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, उचित मूल्य दुकान सहित कई विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति जानी। विभागीय अधिकारियों द्वारा एक-एक कर अपने अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों की सूची का वाचन किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू/तापघात से बचाव के उपाय भी बताएं। रात्रि चौपाल के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, जयपाल खरत, संयुक्त कलेक्टर एवं सोंडवा के अनुविभागीय अधिकारी मनोज गरवाल, डिप्टी कलेक्टर तपीस पांडे, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल में वालपुर और आसपास के क्षेत्र के गांवों के आमजन आए।